# बीएचईएल को कायमकुलम सीसीपीपी के गैस टरबाइन में अपनी तरह के पहले मेथानॉल फायरिंग के प्रदर्शन का ऑर्डर मिला

नई दिल्ली, 2 अगस्त: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को केरल के अलाप्पुझा ज़िले में स्थापित एनटीपीसी के 350 मेगावाट कायमकुलम कंबाइंड साइकिल पावर प्लांट (सीसीपीपी) में गैस टरबाइन में मेथनॉल फायरिंग के प्रदर्शन के लिए पहला ऑर्डर मिला है। यह भारत में अपनी तरह की पहली प्रदर्शन परियोजना होगी।

गौरतलब है कि यह प्रदर्शन देश में अप्रयुक्त गैस टरबाइन सेटों को फिर से सक्रिय करने का मार्ग प्रशस्त करेगा जो प्राकृतिक गैस और नेफ्था की अनुपलब्धता के कारण निष्क्रिय हैं।

विशेष रूप से, कयामकुलम सीसीपीपी जिसमें 115 मेगावाट की दो गैस टर्बाइन और 120 मेगावाट की एक स्टीम टरबाइन शामिल है, को 1998-99 में टर्नकी आधार पर बीएचईएल द्वारा स्थापित किया गया था।

अनुबंध में बीएचईएल के दायरे में प्रौद्योगिकी सहायता, उपकरण की आपूर्ति और कमीशनिंग के साथ संबंधित सहायक उपकरण शामिल हैं। मेथनॉल फायरिंग प्रदर्शन की योजना दो चरणों में बनाई गई है। 12 महीने की अवधि के पहले चरण में, मशीन के 30-40% लोड पर मेथनॉल फायरिंग प्रदर्शन की योजना बनाई गई है। प्रथम चरण के सफल प्रदर्शन के बाद दूसरे चरण में 100% लोड पर प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित है। बीएचईएल ने फिलहाल पहले चरण का ऑर्डर प्राप्त किया है।

परियोजना के लिए प्रमुख उपकरण जैसे कि टैंक, अग्नि सुरक्षा व जांच प्रणाली और पाइपिंग एवं निर्माण और कमीशनिंग व प्रौद्योगिकी सहायता बीएचईएल की हैदराबाद स्थित इकाइयों द्वारा प्रदान किए जाएंगे।।

बीएचईएल लगभग चार दशकों से गैस टरबाइन-आधारित बिजली क्षेत्र में उपकरण और सेवाओं का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता रहा है, जिसके देश भर में 7,500 मेगावाट से अधिक गैस टरबाइन-आधारित बिजली संयंत्र स्थापित हैं।

---